दिन– रविवार दिनांक– 31 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. बिहार में जारी एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति आवेदन के लिए अब केवल दो दिन शेष। आज प्रत्येक बूथ पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ।

03. बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में आज भारत का मुकाबला जपान से होगा। मैच दोपहर तीन बजे से होगा शुरू।

04. और, प्रदेश में मॉनसून कमजोर हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ पच्चीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब केवल दो दिन शेष बचे हैं। इसके तहत आज और कल सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं को दावा–आपत्ति समेत मतदाता सूची से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यों में मदद करेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक दो लाख सत्ताईस हजार छह सौ छत्तीस मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से एक सौ अठारह दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है। जबकि राजद की ओर से दस दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। अन्य दस मान्यता प्राप्त दलों

की ओर से किसी प्रकार की दावा–आपत्ति नहीं की गयी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए तेरह लाख तैंतीस हजार सात सौ तिरानवे नये आवेदन प्राप्त हुये हैं। इधर, विभिन्न जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

इधर, औरंगाबाद जिले में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष निर्वाचन प्रेक्षक नजमुल होदा ने कहा है कि शुद्ध और सटीक मतदाता सूची बनाना भारत निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। श्री होदा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और मतदान केंद्रवार बीएलओ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट में कल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की तीन सदस्यीय पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुये एक सितम्बर को अगली तारीख तय की थी।

———————————————————————

प्रदेश में सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिए अब तक एक लाख नब्बे हजार से अधिक लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का टीका लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि बिहार देश का पहल ऐसा राज्य हैं, जहां सरकार की ओर से मुफ्त में टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सत्रह प्रतिशत मामले सर्वाईकल कैंसर के होते हैं, जिनसे बचाव के लिए यह टीका प्रभावी है।

———————————————————————

राज्य में अगले महीने से अस्सी नई पिंक बसें चलाई जायेंगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, बीएसआरटीसी के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि ये बसें पटना समेत राज्य के अन्य भागों में चलायी जायेंगी। जिनमें पटना से हाजीपुर, पालीगंज, बिहटा के साथ आशोक राजपथ समेत अन्य हिस्से शामिल हैं। श्री वर्मा ने कहा कि इन बसों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की जायेगी। वर्तमान में बीस पिंक बसें चलायी जा रही है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में बेहतर तरीके से बच्चों को बढ़ाने के लिए चौवन शिक्षकों को पुरस्कृत किया है। शिक्षकों को यह पुरस्कार टीचर ऑफ द मंथ के अन्तर्गत मिला है।

————————————————————————

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अठारह नये व्यवसायिक कोर्स शुरू किये गये हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ये कोर्स पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में शुरू किये जा रहे हैं।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक– आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने देश के विकास में तेजी के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना को श्रेय दिया। इंदौर में सरकारी बैंकों के वित्तीय समावेशन अभियान संतृप्ति शिविर को संबोधित करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ने ग्यारह साल पहले बैंकों के सहयोग से जन धन योजना शुरू की थी, जिससे पूरे देश में विकास हुआ। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि देश की विकास यात्रा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत पचपन करोड़ खाते खोले गए, जिससे उन्हें बचत, पेंशन, बीमा, ऋण और अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

————————————————————————

राजगीर में खेले जा रहे पुरुषों के एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप–दो हजार पच्चीस में आज पूल–ए में भारत का मुकाबला जापान से होगा। यह मैच दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। इधर, कल खेले गये मैचों में मलेशिया ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को एक के मुकाबले चार गोल से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। मलेशिया की ओर से अखीमुल्लाह अनवर ने शानदार खेल दिखाते हुए तीन गोल किए और हैट्रिक के साथ मलेशियाई टीम की जीत पक्की की, जबकि अशरान हमसानी ने एक और गोल जोड़कर कोरिया के खिलाफ जीत का अंतर बड़ा किया। इसके जवाब में कोरियाई टीम बेहद कमजोर नजर आई और केवल एक ही गोल कर पाई, जिसे जी. जिन ने दागा। पाँच बार की खिताब विजेता कोरिया को इस चैम्पियनशिप का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वहीं, एक अन्य मैच में कोरिया ने चीनी ताइपे को बड़े अंतर से पराजित किया था। इससे पहले पूल–बी के एक अन्य मुकाबले में बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को आठ–तीन से पराजित कर दिया था। बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये छह में से चार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में सफलता हासिल की।

अशरफुल इस्लाम, रकीबुल हसन और मोहम्मद अब्दुल्ला ने अपनी टीम के लिए दो–दो गोल किए थे।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ने से सामान्य तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के उत्तर, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, वज्रपात से बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चरैया गांव में एक किशोरी की मौत हो गयी जबकि दो अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण प्रदेश से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में लगतार बढ़ा है, जबकि अन्य स्थानों पर खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल निशान से करीब एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है।

———————————————————————

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण मुंगेर जिले के कई पंचायतों में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहरा गया है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से जिले के सदर प्रखंड के गंगा पार कुतलुपुर पंचायत समेत कई गांव में बाढ़ की स्थिति एक बार फिर उत्पन्न हो गयी है। नदी का जलस्तर खतरे के लाल निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे रह गया है। ये कभी भी खतरे के निशान को पार कर सकता है। कुतलुपुर पंचायत के वार्ड संख्या– छह में भीषण कटाव के कारण भी लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। आधा दर्जन से अधिक घर भीषण कटाव से गंगा में विलीन हो चुके हैं। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणिकर ने कहा कि खतरे वाले स्थानों में लोगों को घर खाली करने को कहा जा रहा है।

———बाइट———

इधर, बाढ़ का पानी बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, हवेली खड़गपुर और असरगंज के विभिन्न पंचायतों में प्रवेश कर रहा है। बरियापुर में विद्युत सब स्टेशन में पानी प्रवेश करने से बिजली आपूर्ति पर भी प्रभाव पड़ सकता है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

———————————————————————

राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान बाईस नये डेंगू मरीज मिले हैं। उन्होंने कहा कि छह अंचलों में बीस स्थान हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित हुये हैं। इनमें पाटलिपुत्र, बांकीपुर, नूतन राजधानी, पटना सिटी और कंकड़बाग शामिल हैं।

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान में चल रहे छब्बीसवें दिव्य कला मेले का समापन आज होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित इस मेले में दिव्यांग कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के कजलेटा गांव से पुलिस ने एक अपराधी मोहम्मद तौहीद को एक देसी कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र अन्तर्गत लगनपुरा और यादवपुर के बीच बने चचरी पुल को पार करने के दौरान नदी में गिरने से तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————

बांका जिले के बौसी शहर के गांधी चौक के पास एक आभूषण व्यवसायी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। एसडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

———————————————————————

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के चंदवा गांव में अपराधियों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये। ग्रामीणों ने मौके पर दो अपराधियों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

———————————————————————

शिवहर जिले की पुलिस ने तरियानी छपरा थाना क्षेत्र से बीस हजार रूपये के इनामी विक्की कुमार को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अमेरिका के टैरिफ मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से लिखा है– भारत दबाव में समझौता नहीं करेगा।

दैनिक भास्कर पटना मेट्रो पर बड़ी खबर बनाते हुये लिखता है– दो दिन बाद से ट्रॉयल होगा मगर पहले स्टेशन का काम अब तक पूरा नहीं।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा पर शीर्षक दिया है– एक मंच पर मोदी–पुतिन और चिनपिंग।

प्रभात खबर ने म्यांमार से मुक्त कराये गये लोगों की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– साईबर फ्रॉड नहीं करने पर देते थे इलेक्ट्रिक शॉक, बयालीस भारतीय मुक्त।

आज अखबार की सुर्खी है– प्रदेश में पांच आईएएस का तबादला, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ बने विकास आयुक्त।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. बिहार में जारी एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति आवेदन के लिए अब केवल दो दिन शेष। आज प्रत्येक बूथ पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ।

03. बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में आज भारत का मुकाबला जपान से होगा। मैच दोपहर तीन बजे से होगा शुरू।

04. और, प्रदेश में मॉनसून कमजोर हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।